छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने ग्रहण किया खरना का प्रसाद



शेखपुरा (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार को चारों ओर काफी चहल-पहल देखी गई। छठ व्रतियों ने दिनभर उपवास रखने के पश्चात संध्या पहर खरना के अवसर पर पूजा-अर्चना के बाद खीर-रोटी का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ हुआ। हर-गली-मोहल्ले में जगह-जगह गूंज रहे छठ के गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। शनिवार को व्रतियों ने उपवास रखकर, चावल, दाल, खीर, रोटी, पीठा आदि का बहुत ही स्वच्छता के साथ आम के जलावन से मिट्टी या पीतल के बर्तनों में प्रसाद बनाया। इसके साथ ही संध्या में छठ व्रतियों ने पूजा-अर्चना कर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद घर-परिवार के सदस्यों के साथ ही सगे-संबंधियों, इष्ट-मित्रों के बीच लोहंडा का प्रसाद खाने-खिलाने का दौर देर रात तक जारी रहा। अब छठ व्रती इस महापर्व के तीसरे दिन निर्जला रहते हुए रविवार की शाम डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। जबकि सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही यह चार दिवसीय महापर्व संपन्न हो जाएगा।

खरना को लेकर ही सुबह से ही काफी चहल-पहल बनी रही। सुबह लोगों ने प्रसाद बनाने के लिए सरोवर, नदियों एवं कुओं से पीतल के बर्तन में पानी लाया तथा घरों में आम की लकड़ी जलाकर सेंधा नमक वाला चने का दाल, अरवा चावल का भात, चावल के आटे का पिठा, गाय के दूध व गुड़ से प्रसाद बनाया। व्रत वाले घरों में शनिवार की देर रात तक प्रसाद खिलाने का कार्यक्रम चलता रहा। वहीं कई घरों में परंपरा के तहत रसिया प्रसाद भी बनाया गया।

रविवार की संध्या में व्रती अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देंगी। उसके बाद सोमवार की प्रातः छठ व्रतियों द्वारा उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व संपन्न हो जाएगा। जिले के अलावे प्रखंडों में हर जगह छठ गीतों की मधुर ध्वनि कानों में भक्तिमय मधुर रस घोल रही है।

छठ महापर्व को लेकर घर-घर में उत्साह का माहौल है।

युवती को बहला-फुसलाकर भगाने की प्राथमिकी दर्ज

हरनौत (नालंदा) (संसू)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पचौरा गांव के निवासी राजू पासवान पर एक 22 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया है। लापता युवती भागनबिगहा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। इसको लेकर युवती के परिजनों ने भागनबिगहा थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। परिजनों ने पुलिस से बेटी की सुरक्षित बरामदगी और आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर पचौरा गांव में चर्चा है कि दोनों अंतरजातीय समाज से हैं। युवक-युवती शादी की नीयत से लापता हैं। थानाध्यक्ष राज कुमार चौधरी ने बताया कि परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवती को उक्त युवक द्वारा लापता किया गया है। लापता करने की करतूत एक सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही है। पुलिस ने मिसिंग की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

चंडी थाना अंतर्गत दो अलग-अलग गांवों में लाखों की चोरी

बिहारशरीफ। स्थानीय थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए दो घरों को अपना निशाना बनाया और 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य की संपत्ति चुरा ली। एक खाली पड़े घर से सोने-चांदी के बेशकीमती जेवर और अन्य सामान साफ कर दिए गए, जबकि दूसरी घटना में नकदी व आभूषणों पर हाथ साफ किया गया। चोरी की इन दोनों वारदातों से इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों को शनिवार के दिन इन घटनाओं की जानकारी मिली।

पहली बड़ी घटना माहो गांव के बीचोबीच स्थित प्रधानाध्यापिका नीलम देवी के घर हुई। उनके परिवार के सदस्य ओमप्रकाश ने बताया कि पूरा परिवार बाहर रहता है और करीब एक साल से इस मकान में ताला लगा हुआ था। शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने घर का ताला टूटा देख चोरी होने की सूचना दी। जब परिजन घर पहुंचे तो पाया कि सभी बक्से, अलमारी और अटैची के ताले टूटे पड़े हैं और उनमें रखे सारे सामान गायब हैं। चोरों ने करीब चार किलोग्राम चांदी के बर्तनों का सेट, चार भर सोने की चेन, 20 जोड़ी चांदी की पायल, 75 चांदी के सिक्के, दो चांदी की मछली, पांच चांदी की कस्तरी, छह चांदी के कटोरे, पांच सोने की अंगूठियां और पांच चांदी के कलम सहित अन्य कीमती सामान शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार नीलम देवी के दो भाई विदेशों में रहते हैं।

चोरी की दूसरी घटना सबलपुर गांव में विनोद यादव के घर को निशाना बनाकर अंजाम दी गई। यहां चोर घर के बगल से दीवार के सहारे अंदर दाखिल हुए और दो पेटियों को उठाकर खेत में ले गए। इसके बाद पेटियों का ताला तोड़कर 49 हजार रुपये नकद, चांदी के बाले, सिकड़ी व अन्य आभूषण चुरा लिए तथा बाकी बचे सामान को खेत में ही फेंककर फरार हो गए।

इस घटना में करीब एक लाख रुपये के सामान की चोरी होने की बात सामने आई है। इस संबंध में चंडी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि चोरी को लेकर आवेदन प्राप्त हो गया है और पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

व्रतियों ने किया खरना का प्रसाद ग्रहण, आज देंगे अस्त होते सूर्य को अर्घ्य

हिलसा (नालंदा) (आससे)। शुद्धता और पवित्रता का पर्व कार्तिक छठ का उत्साह चरम पर है। छठ पूजा करने वाले व्रती शनिवार को पूरे दिन उपवास के बाद संध्या में दूध और अरवा चावल से बनी खीर और अन्य पूजा सामग्री भगवान भास्कर को अर्पित कर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। खरना के बाद व्रतियों का 36 घंटे का उपवास भी शुरू हो गया। खरना का प्रसाद ग्रहण करने को लेकर लोग देर रात तक व्रतियों के घर पहुंचते रहे। रविवार को भगवान भास्कर के अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। सोमवार को उदीयमान स्वरूप को अर्घ्य अर्पण के साथ व्रत संपन्न हो जाएगा। पर्व को लेकर छठ घाटों व तालाबों की साफ-सफाई पूर्ण कर ली गई है।

हिलसा शहर के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर छठ घाट पर नगर प्रशासन के द्वारा भव्य तैयारी की गई है। सूर्य मंदिर परिसर में दूर-दराज से आए दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु नियम और निष्ठा के साथ व्रत कर रहे हैं। छठ व्रतियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए नगर प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता अहम भूमिका निभा रहे हैं। छठ को लेकर बाजार में भीड़ रही। फल एवं गन्ने के रस और पूजन सामग्रियों की दुकानों पर खरीदारी की भीड़ पूरे दिन उमड़ी रही। सुरक्षा को लेकर पुलिस और प्रशासन पहले से ही सजग है।

वहीं, नगर परिषद हिलसा के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने कहा कि लोक आस्था के कार्तिक छठ महापर्व को लेकर सूर्य मंदिर छठ घाट पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुटती है। घाट की साफ-सफाई, जगमग रोशनी के साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से तालाब में बैरिकेडिंग की गई है, जिसमें कुल 30 घाट अंकित किए गए हैं और पूरे छठ घाट की निगरानी सीसीटीवी के अलावा ड्रोन कैमरे से की जाएगी। तालाब में नाव व मोटरबोट के साथ-साथ एनडीआरएफ की टीम को लगाया गया है।

डिवाइन लाइट स्कूल में एलुमनाई मीट का आयोजन

शेखपुरा/बरबीघा। डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल, बरबीघा के परिसर में शुक्रवार को प्रथम एलुमनाई मीट-2026 का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के 60 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पुनर्मिलन समारोह में दिल्ली, नोएडा, बेंगलुरु, कोलकाता, गुवाहाटी, पटना सहित देश के विभिन्न शहरों से पूर्व छात्र विद्यालय पहुंचे। समारोह की विशेषता यह रही कि इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, प्राध्यापक, प्रशासनिक अधिकारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, शिक्षक एवं उद्यमी जैसे विविध पेशों में अपनी पहचान स्थापित कर चुके पूर्व छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रोहित प्रसाद सिंह एवं प्राचार्य सुधांशु शेखर ने उपस्थित पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। अपने पुराने विद्यालय में लौटकर सभी पूर्व छात्र भावुक एवं उत्साहित नजर आए। उन्होंने अपने विद्यालय जीवन की स्मृतियां साझा कीं तथा अपने शिक्षकों और संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने पूर्व छात्र-छात्राओं को स्नेह, आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। यह आयोजन वर्तमान विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक रहा, क्योंकि उन्हें अपने पूर्ववर्तियों की उपलब्धियों और जीवन यात्रा से सीखने का अवसर मिला।



कार्यक्रम की सफलता में एलुमनाई मीट आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य एवं पूर्व छात्र कुणाल कुमार, अमित प्रियदर्शी, गोपाल जी, कुमार गौरव, गणेश कांत एवं आशुतोष कुमार को उनके समर्पण, परिश्रम एवं सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद दिया गया। यह एलुमनाई मीट केवल एक औपचारिक मिलन समारोह नहीं, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा, पुरानी यादों, आत्मीय संबंधों और संस्था के प्रति गौरव एवं कृतज्ञता को पुनर्जीवित करने का एक अविस्मरणीय अवसर बना।

सोहसराय सूर्य मंदिर के पास इंद्रधनुषी पुल का शुभारंभ

बिहारशरीफ। छठ महापर्व के पावन अवसर पर बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के सोहसराय वासियों का वर्षों पुराना सपना आखिरकार साकार हो गया है। सूर्य मंदिर के पास पंचाने नदी की शाखा पर बनी लगभग 1 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से तैयार इस भव्य 'इंद्रधनुषी पुल' का उद्घाटन पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार के कर-कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि सोहसराय का यह इंद्रधनुषी पुल केवल कंक्रीट का ढांचा नहीं है, बल्कि यह जनता के वर्षों पुराने सपनों का साकार रूप है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में इसकी अनुशंसा की गई थी और आज छठ महापर्व के पावन अवसर पर यह क्षेत्र की जनता को समर्पित है। उन्होंने आगे घोषणा करते हुए कहा कि पंचाने नदी पर भविष्य में 'रिवर फ्रंट' का निर्माण कराने की भी योजना है, जिसके बन जाने के बाद स्थानीय लोग और पर्यटक नौका विहार का आनंद उठा सकेंगे। इससे सोहसराय को विकास और पर्यटन के मानचित्र पर एक बिल्कुल नई पहचान मिलेगी।



इस अवसर पर पूर्व मेयर सुधीर कुमार, भाजपा जिला महामंत्री शिव. रतन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू, जिला मंत्री अमरेश कुमार, जदयू जिला प्रवक्ता भवानी सिंह, नगर अध्यक्ष संदीप कुमार, धनंजय कुमार, अविनाश कुमार, बिट्टू कुमार सिंह, सोनू कुमार हिंदू, गोपाल कुमार, महेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, ललन कुमार, सर्वोत्तम कुमार, राजेश सिंह सिसोदिया, जितेंद्र कुमार, संतोष भारती, मुन्ना सिंह, आलोक कुशवाहा, रिशु कुमार, भेषनाथ प्रसाद, विकास भारती, अनोज कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, राजदीप कुमार और शशिकांत सिन्हा सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

डीएम-एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

शेखपुरा (आससे)। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को जिलाधिकारी शेखर आनंद एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से अरियरी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों एवं विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न छठ घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को छठ घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने तथा सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही, पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण एवं श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी द्वारा मध्य विद्यालय हुसैनाबाद अरियरी में कायाकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में चल रहे रंगाई-पुताई, सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकासात्मक कार्यों का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में संचालित कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में चल रहे सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने विद्यालयों के बेहतर रखरखाव एवं आकर्षक वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा कायाकल्प अभियान के तहत विद्यालयों में किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

हिलसा एकेडमी फुटबॉल क्लब ने पेनाल्टी शूटआउट में बिहारशरीफ को हराकर जीता कप

हिलसा (नालंदा) (आससे)। दाहा बिगहा खेल मैदान में चल रहे 26वें चंदन भारती फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। शुक्रवार को फाइनल मैच में हिलसा एकेडमी फुटबॉल क्लब ने आवेशम फुटबॉल क्लब, बिहारशरीफ को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित कर कप पर कब्जा जमा लिया। मैच में रेफरी की भूमिका चंदन भारती, राहुल कुमार, गौरव कुमार एवं बबलू कुमार ने निभाई। वहीं, पोल जजमेंट की जिम्मेदारी सत्येंद्र यादव एवं देवेंद्र प्रसाद ने संभाली। फाइनल मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कामता पंचायत के मुखिया पप्पू यादव ने कहा कि लक्ष्य को लेकर खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। इससे आपसी भाईचारा एवं समरसता बढ़ती है और मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है।

विश्व मधुमेह दिवस पर बीमिम्स में सेमिनार का आयोजन

आधुनिक सीजीएम तकनीक से बीमारी के प्रबंधन पर हुई चर्चा

गिरियक (नालंदा) (संसू)। मधुमेह का इलाज केवल दवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीज की खानपान संबंधी आदतें भी रक्त में शुगर के स्तर को प्रभावित करती हैं। खासकर भोजन के बाद ग्लूकोज में होने वाले बदलाव को समझना बेहतर उपचार के लिए महत्वपूर्ण है। आधुनिक सीजीएम तकनीक से अब पूरे दिन रक्त शर्करा के उतार-चढ़ाव की निगरानी संभव है। इससे मरीज की जरूरत के अनुसार खानपान और उपचार में बदलाव करने में सहूलियत मिलती है।

शनिवार को भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (बीमिम्स), पावापुरी में विश्व मधुमेह दिवस पर आयोजित जागरूकता सेमिनार में चिकित्सकों ने इन पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। चिकित्सा विभाग की ओर से एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (एपीआई), नालंदा के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मधुमेह के प्रति जागरूक करना और समय रहते इसकी रोकथाम के लिए प्रेरित करना था। इस वर्ष की थीम 'एक्ट अर्ली ऑन डायबिटीज' यानी मधुमेह के प्रति समय रहते सक्रिय कदम उठाना है। सेमिनार का विषय 'निरंतर ग्लूकोज निगरानी एवं भोजन के बाद रक्त शर्करा में उतार-चढ़ाव : आहार में बदलाव के माध्यम से सटीक चिकित्सा' रखा गया था।

महिला मेडिसिन वार्ड के प्रतीक्षालय में आयोजित कार्यक्रम में औषधि विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि कुमारी ने कहा कि मधुमेह के मरीजों के लिए नियमित जांच के साथ अपनी जीवनशैली पर ध्यान देना भी जरूरी है।

सीजीएम तकनीक के जरिए ग्लूकोज के स्तर में होने वाले बदलावों का लगातार आकलन किया जा सकता है। इससे यह समझने में मदद मिलती है कि भोजन का शरीर में शुगर के स्तर पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, समय पर जांच और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार उपचार अपनाने पर जोर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि शुरुआती दौर में बीमारी की पहचान और उचित प्रबंधन से भविष्य में होने वाली जटिलताओं से बचाव में मदद मिल सकती है। कार्यक्रम में डॉ. दिव्यांश मीना, डॉ. आकाश कुमार, डॉ. स्टैंजिन स्कालदन सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–15 वर्ष 2026–27

चतुर्थ श्रेणी में निबंधित संवेदकों से निम्नलिखित कार्यो के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 21.11.2026 के अपराहन 12:00 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराहन में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कार्य का विवरणी :–

क	सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ	मात्रा	इकाई	उद्वत की जानेवाली दर
1	**Name of Work – Supply of printed forms, office Stationary and Computer accessories to Office of The Executive Engineer, Gardanibagh Building Division, Patna for the year 2026-27**			
	(i) Signature Pad	6 nos	Each	
	(ii) Ink Pad (Best quality)	12 nos	Each	
	(iii) Writing Pad (100 page booklet)	20 Nos	Each	
	(iv) Guard file (good quality)	50 nos	Each	
	(v) Flat file (good quality)	150 nos	Each	
	(vi) Plain paper (good quality)	20 Rim	Each	
	(vii) Printed form of Money receipt (100 page booklet)	10 nos	Each	
	(viii) Carbon (kores/camel)	6 nos	Each	
	(ix) Tag (50 piece pack)	36 nos	Each	
	(x) Gum (200 ml)	10 nos	Each	
	(xi) Gum Tube (50 ml)	12 nos	Each	
	(xii) Stapler pin (10 NO)	40 nos	Each	
	(xiii) Stapler (24/6 NO)	8 nos	Each	
	(xiv) Stapler pin (24/6 NO)	20 nos	Each	
	(xv) Paper flag	20 nos	Each	
	(xvi) Plastic Cover Bag (Best Quality)	50 nos	Each	
	(xvii) Envelope (Best Quality 3x7")	500 nos	Each	

➤ कार्य समाप्ति की अवधि : 15 दिन
➤ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/.prdbihar.gov.in देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.015367 (BCD) 2026-27

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा
आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सहरसा द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04 / 2026–27 (व्यवहार न्यायालय सहरसा के परिसर में 02 (दो) X-Ray Baggage Scanner Room के निर्माण कार्य) में भाग लेने वाले संवेदको में से निम्नलिखित संवेदक जो निविदा आमंत्रण सूचना की शर्तों के अनुसार सफल घोषित किये गए है, के बीच कार्य का आवंटन लॉटरी के माध्यम से दिनांक– 20.11.2026 को अपराहण 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा कार्यालय में की जायेगी।

सफल संवेदक :–
(1) मीना देवी, वार्ड नं0–01, सहरसा।
(2) विभा देवी, आरण, सहरसा।
(3) आयुष ब्रदर्स कन्सट्रक्सन एण्ड सप्लायर्स (प्रो0– शंकर मंडल), सहरसा।
(4) जीतेन्द्र नारायण सिंह, गंगजला, सहरसा।
(5) पिंटू पंडित, वार्ड नं0– 03, सहरसा।
(6) अंशी ट्रेडर्स, (प्रो0–नितीश कुमार), सहरसा।
(7) माँ काली इंटरप्राइजेज, (प्रो0–नीलम कुमार सिंह), सहरसा।
(8) अभिमन्यु राय, गंगजला, वार्ड नं0–08, सहरसा।
(9) मुकेश खन्ना, वार्ड नं0– 03, सहरसा।
(10) मो0 नौषाद आलम, वार्ड नं0–05, महिषी सहरसा।
(11) कृतिका इंटरप्राइजेज, (प्रो0–अरविन्द्र प्रसाद गुप्ता), सहरसा।
(12) सुशील कुमार झा, बसौना, वार्ड नं0–09, सहरसा।
(13) कमलेश यादव, वार्ड नं0– 01, सहरसा।
(14) विपिन कुमार सिंह, गंगजला, वार्ड नं0–08, सहरसा।
(15) रौशन सम्राट, मुरली बसंतपूर, सहरसा।
(16) सुशीला कुमारी, वार्ड नं0–11, सहरसा।
(17) प्रणव कुमार प्रीतम, सहरसा।
(18) प्रतिकेश, गंगजला, वार्ड नं0– 16, सहरसा।
(19) प्रकाश कुमार, डी0बी0 रोड, सहरसा।
(20) उद्यानन्द ठाकुर, लक्ष्मी नाथ नगर, सहरसा।
(21) शीलू कुमारी, तेघरा, सहरसा।
(22) बिनोद कुमार बिमल, आरण, वार्ड नं0– 12, सहरसा।
(23) सुजीत कुमार, वाई नं0– 11, सहरसा।
(24) गणेश इंटरप्राइजेज, (प्रो0–गणेश कुमार), वार्ड नं0–27, सहरसा।
(25) बालाजी इंटरप्राइजेज (प्रो0–कन्हैया कुमर), वार्ड नं0–04, सहरसा।
(26) संजय सुमन, सिमराह वार्ड नं0– 14, सहरसा।
(27) शिवानी कुमारी, नयाबाजार, सहरसा।
(28) मो0 इरसाद आलम, लहुआर, सहरसा।
(29) अंजलि कुमरी पांडेय, मुरली बसंतपूर, सहरसा।

उपरोक्त सफल संवेदकों को सूचित किया जाता है कि लॉटरी हेतु स्वयं या प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। आपके अथवा आपके प्रतिनिधि के अनुपस्थिति में भी लॉटरी की प्रक्रिया पूरी की जायेगी एवं भविष्य में इस संबंध मे कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा में असफल घोषित निविदाकार दिनांक– 19.11.2026 को अपराहण 1:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा कार्यालय मे लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते है। आपत्ति मान्य होने पर लॉटरी में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। आपत्ति दर्ज करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

अधीक्षण अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन अंचल, सहरसा

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.015371 (BCD) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

अधीक्षक का कार्यालय
अनु0 ना0 मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल,गया जी।
सूचना

वित्तीय वर्ष–2026–27 से अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया जी में एक वर्ष की वैधता, हेतु मशीन, उपस्कर, उपकरण एवं सर्जिकल सामग्री इत्यादि के क्रय हेतु वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अंतगर्त बिहार राज्य मे निबंधित सरकारी / गैर सरकारी निर्माता, फर्म या प्राधिकृत आपुर्तिकर्त्ताओं से निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा पी0आर0 संख्या–013751 दिनांक–16.10.2026 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसे दिनांक 05.11.2026 को हुये बैठक में क्रय समिति के सदस्यों के द्वारा सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया है कि वर्तमान पी0आर0 संख्या–013751 को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर पुनः नई निविदा का प्रकाशन जल्द से जल्द कराई जाये। साथ ही पी0आर0 संख्या–013751 मे सम्मिलित निविदादाओं एवं सर्वसाधरण को भी इस आशय की सूचना से अवगत कराने हेतु निर्णय लिया गया था। उक्त लिये गये निर्णय के अलोक मे सर्वसाधरण को सूचित करने हेतु निदेशक सूचना एवं जन संपर्क विभाग,बिहार,पटना मे प्रकाशन हेतू पत्र भेजी जा रही है।

अधीक्षक,
अनु0ना0म0मे0कॉ0 अस्पताल, गया जी

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.015366 (Health) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से ₹ 70.00 लाख तक की राशि के कार्यो के लिए (डबल बीड पद्धति)
कार्यालय, मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर

Website : https://mymmc.org., E-mail ID-muzaffarpur.ulb@gmail.com, mmc-muz-bih@nic.in
Control Room- 155304, 1800 345 1061, 7870031117

पुनर्निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)
संख्या– NIT No.-08/MMC/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर .
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक–09.11.2026
3. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान – दिनांक–01.12.2026 को समय 13:30 बजे पूर्वाहन / अपराहन स्थान–नगर आयुक्त का कार्यालय, नगर निगम सभागार, मुजफ्फरपुर।
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय – दिनांक–30.11.2026 से दिनांक 07.12.2026 के 15:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि– दिनांक–07.12.2026 समय 15:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि – दिनांक–10.12.2026 समय 11:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि – तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. **कार्य की विवरणी–**

क्रम सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	वार्ड सं0–06 में बिसाती टोला में मुहम्मद आलम से अशोक बाबू के घर तक एवं शशि मामा राहुल नगर के घर से ब्रजकिशोर जी के घर तक एवं सोनारपट्टी में राजा जी के घर से रंगगली चांद भाई के घर तक एवं शिया मस्जिद जौहर साहब के घर से मोती भाई के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	33,82,813.00	67,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
2	वार्ड सं0–10 अन्तर्गत शेख टोली में पी0डब्लू0डी0 सड़क संख्या–01 से पी0डब्लू0डी0 सड़क संख्या–02 तक जानेवाली गली में पी0सी0सी0 सड़क एवं आर0सी0सी0 नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	27,94,350.00	55,900.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
3	वार्ड संख्या 21 में श्री नन्द किशोर कुमार नैनू भईया के घर होते हुए जयलस देवी एवं स्व0 वैद्यनाथ गुप्ता के घर होते हुए त्रिशूल मंदिर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	27,84,300.00	55,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
4	वार्ड सं0–21 अन्तर्गत ब्राह्मणटोली मुहल्ला में देवनन्दन प्रसाद पहलवान के घर से उमाशंकर नथानी जी के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	35,33,200.00	70,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
5	वार्ड संख्या–22 अन्तर्गत बकार के घर से मनोरमा देवी के घर तक एवं भुनेश्वर शर्मा के घर से अजय दत्त के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	34,23,300.00	68,500.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
6	वार्ड सं0–32 अन्तर्गत कृष्णा नगर मे डी.एन. सिंह के घर से भाया मनोज श्रीवास्तव के घर होते हुए संस्कार पथ होते हुए प्रभात श्रीवास्तव के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	26,71,850.00	53,500.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
7	वार्ड सं0–34 अन्तर्गत प्रेम कुमार के घर से रेलवे ट्रेक तक सड़क एवं नाला निर्माण। **(Re-Tender)**	33,86,100.00	67,800.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
8	वार्ड संख्या–34 के अन्तर्गत पंखाटोली बढ़ई टोला में सियालाल सहनी के मकान से डॉ0 पी. घोष के मकान तक सड़क एवं नाला निमार्ण कार्य। **(Re-Tender)**	48,93,500.00	97,900.00	5,000.00	As per e-Proc2	6 Months

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as